# कपासन में कार की टक्कर से ऑटो पलटा, दो महिलाओं सहित तीन घायल

## भीलवाड़ा से कपासन जियारत करने जा रहा था परिवार

**कपासन,** (निसं)। कपासन-चित्तौडगढ मार्ग पर गोरा जी का निंबाहेड़ा खाद फैक्ट्री के पास एक तेज रफ्तार ईको कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो महिलाओं सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो में सवार एक ही परिवार के अन्य सदस्यों को भी मामूली चोटें आई हैं।

ये परिवार भीलवाडा से कपासन में दरगाह पर जियारत करने आ रहा था। निंबाहेडा खाद फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार ईको कार ने ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मारी, जिससे ऑटो रिक्शा पलट गया।कपासन-चित्तौडगढ मार्ग पर गोरा जी का निंबाहेड़ा खाद फैक्ट्री के पास एक तेज रफ्तार ईको कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो महिलाओं सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो में सवार एक ही परिवार के अन्य सदस्यों को भी मामूली चोटें आई हैं।

ये परिवार भीलवाडध से कपासन में दरगाह पर जियारत करने आ रहा था। निंबाहेड़ा खाद फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार ईको कार ने ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मारी, जिससे ऑटो रिक्शा पलट गया।कपासन-चित्तौड़गढ़ मार्ग पर गोरा जी का निंबाहड़ा खाद फैक्ट्री के पास एक तेज रफ्तार ईको कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो महिलाओं सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो में सवार एक ही परिवार के अन्य सदस्यों को भी मामूली चोटें आई हैं। ये परिवार भीलवाड़ा से कपासन में दरगाह पर जियारत करने आ रहा था। निंबाहेड़ा खाद फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार ईको कार ने ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मारी, जिससे ऑटो रिक्शा पलट गया। घायलों को तुरंत कपासन के उप जिला अस्पताल ले जाया गया। गंभीर घायलों में भीलवाड़ा पुलिस लाइन निवासी आर्जु बानु (21) पत्नी आकीब खान, मेरून नीशा (40) पत्नी शैर खान और आदानन खान (23) पुत्र शेर खान शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद आर्जु बानु, मेरून नीशा और आदानन खान को चित्तौडगढ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। परिवार के अन्य सदस्य अरब खान और अली खान को मामूली चोटें आई हैं।



उपजिला चिकित्सालय कपासन में घायल चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार यादव सहित आदि स्टाफ ने इलाज़ किया।

- ये परिवार भीलवाडध़ से कपासन में दरगाह पर जियारत करने आ रहा था। निंबाहेड़ा खाद फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार ईको कार ने ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मारी, जिससे ऑटो रिक्शा पलट गया।कपासन-चित्तौड़गढ़ मार्ग पर गोरा जी का निंबाहड़ा खाद फैक्ट्री के पास एक तेज रफ्तार ईको कार ने ऑटो को टक्कर मार दी।

# एसईटी 2026-दो परीक्षा केंद्रों पर 27 को

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा 2026 के तहत दो परीक्षा केंद्रों पर स्थगित परीक्षा अब 27 सितंबर 2026 को पुन: आयोजित की जाएगी। कोटा विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। 13 सितंबर को राजस्थान के 429 परीक्षा केंद्रों पर एसईटी 2026 परीक्षा आयोजित की गई थी। इनमें दो परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र विलंब से पहुंचने के कारण परीक्षा स्थगित करनी पड़ी थी।

कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने बताया कि स्थगित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए 27 सितंबर को नए परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा केंद्र कोड 4057 के अभ्यर्थियों के लिए राजस्थान महाविद्यालय तथा केंद्र कोड 4066 के अभ्यर्थियों के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग को नया परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन दोनों केंद्रों पर कुल 1008 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। कुलगुरु प्रो.सारस्वत ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्राथमिकता परीक्षा की प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित और अभ्यर्थी हितों को ध्यान में रखते हुए संपन्न कराना है। जिन अभ्यर्थियों की परीक्षा पूर्व में स्थगित हुई थी, उन्हें किसी प्रकार की अतिरिक्त परेशानी न हो, इसके लिए नए परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे संशोधित प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा केंद्र और अन्य आवश्यक निर्देशों की जानकारी समय रहते प्राप्त कर लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुन: आयोजित की जा रही परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। विश्वविद्यालय अभ्यर्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परीक्षा प्रक्रिया को सुचारु रूप से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# खंडहर रेस्ट हाउस में दिन-रात नशेड़ियों का जमावड़ा

**अनूपगढ।** यहां वार्ड नंबर 2 स्थित आरसीपी कॉलोनी में सिंचाई विभाग का खंडहर रेस्ट हाउस स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। वार्डवासियों का आरोप है कि इस सुनसान पड़े भवन में दिन-रात नशेडियों का जमावड़ा रहता है।

इससे आसपास रहने वाले लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। परेशान वार्डवासियों ने पुलिस थाना अनूपगढ़ पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा और क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ ाने की मांग की। वार्डवासियों का आरोप है कि खंडहर रेस्ट हाउस में नशा करने वाले युवक आसपास घूमते रहते हैं।

इन पर घरों में घुसकर चोरी करने का भी आरोप लगाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कई दिनों से वे खुद चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं।

निवासियों का कहना है कि खंडहर भवन में असामाजिक गतिविधियां होने से आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। खासकर रात के समय लोगों को अपने घर और सामान की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। वार्डवासियों ने ज्ञापन में कहा कि नशेड़ियों की गतिविधियों से इलाके में जान-माल का खतरा बना हुआ है। उन्हें आशंका है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ी घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी वार्ड में अतिरिक्त जिला कलेक्टर और उप जिला मजिस्ट्रेट (एसडीएम) का आवास भी है। इसके बावजूद क्षेत्र में खंडहर रेस्ट हाउस के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वार्डवासियों ने पुलिस से मांग की है कि आरसीपी कॉलोनी और खंडहर रेस्ट हाउस के आसपास दिन और रात दोनों समय पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। साथ ही, खंडहर भवन में चल रही कथित नशे और अन्य गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए। वार्डवासियों ने ज्ञापन की प्रतियां अतिरिक्त जिला कलेक्टर और उप जिला मजिस्ट्रेट को भी भेजी हैं, ताकि मामले में संबंधित विभागों की ओर से कार्रवाई की जा सके।

- सुरक्षा बढ़ाने के लिए वार्डवासी पहुंचे थाने

# मवेशियों से हादसे का खतरा

**अजमेर।** शहर के केंद्रीय बस स्टैंड परिसर में बेसहारा मवेशियों की लगातार आवाजाही राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। दिनभर परिसर में मवेशियों के घूमने से हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार मवेशी अचानक इधर-उधर भागने लगते हैं, जिससे वाहन चालकों और यात्रियों के बीच अफरा-तफरी की स्थिति बन जाती है। रविवार को भर्ती परीक्षा के चलते शाम के समय केंद्रीय बस स्टैंड पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ रही। ऐसे में परिसर में घूम रहे मवेशियों के अचानक भागने से बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रही। लोगों का कहना है कि केंद्रीय बस स्टैंड जैसे व्यस्त सार्वजनिक स्थल पर मवेशियों की मौजूदगी यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर समस्या है।

# पुष्कर में चोरियों का सिलसिला बढ़ा, सीसीटीवी फुटेज सामने आए

**पुष्कर।** पुष्कर में चोरी की घटनाओं का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। जगतपिता ब्रह्मा मंदिर, ब्रह्म घाट और कपालेश्वर तिराहे के आसपास दुकानों में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। चोरी की घटनाओं से जुड़े कुछ सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जिनमें संदिग्ध लोग चोरी करते हुए नजर आ रहे हैं।

प्रिंस वैष्णव ने बताया कि उनके घर के सामने स्थित चूड़ियों की दुकान में चोर घुस गए और करीब 7 से 8 हजार रुपये की नकदी तथा मोबाइल चार्जर चोरी कर ले गए। उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस को दी है।

इसी तरह धीरज होजाने ने बताया कि ब्रह्म घाट के पास उनकी दुकान का ताला तोड़कर चोर 6 हजार रुपये से अधिक की नकदी चुरा ले गए। कपालेश्वर महादेव मंदिर के आसपास भी चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध लोग कथित तौर पर 500-500 रुपये के नोट गिनते हुए दिखाई दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार चोरी की घटनाओं से जुड़े कई वीडियो सामने आने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस को दी गई शिकायतों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

- चूड़ियों की दुकान से नकदी व सामान ले गये चोर

# कैब ड्राइवर को चाकू मारने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग निरूद्ध

## पुलिस टीम ने आरोपियों की पहचान कर पकड़ा

**कोटा,** (निसं)। जान से मारने की नियत से कैब चालक पर चाकू से हमला करने के दर्ज मामले में आरकेपुरम् पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, साथ ही एक नाबालिग को विधि से संघर्षरत निरूद्ध किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 2 सितम्बर को एमबीएस अस्पताल में भर्ती फरियादी विजेन्द्र ने आरकेपुरम पुलिस को पर्चा बयान दिया कि वह टैक्सी चलाने का कार्य करता है। 1 सितम्बर को शाम करीब सात बजे मोबाईल पर रावतभाटा जाने हेतु सवारी की बुकिंग मिली, बयान में कहा कि शिवपुरा चौराहे से दो लड़कों को गाड़ी में बैठाया और रावतभाटा के लिए रवाना हुआ। रास्ते में नयागांव पेट्रोल पंप से सीएनजी भरवाने के बाद बोराबास के पास पहुंचते ही पीछे बैठे लड़के ने परिवादी के गले में रस्सी डालकर गला घोंटने का प्रयास किया, इसी दौरान आगे बैठे लड़के ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, बाद में चिल्लाने के बाद आरोपी भाग गये। शहर एसपी ने कहा कि पुलिस ने पर्चा बयान पर हमलावरो के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले में कार्यवाही के लिये पुलिस उप अधीक्षक उदयसिंह मीणा के सुपरविजन में आरकेपुरम थानाधिकारी दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने मामले में त्वरित कार्रवाई व सक्रियता दिखाते हुए कैब ड्राइवर के मोबाईल पर आए कॉल नंबरों का तकनीकी विश्लेषण किया, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल विधि से संघर्षरत बालक को पूर्व में डिटेन किया, जिसे अनुसंधान के पश्चात न्यायालय के आदेशानुसार बाल संप्रेषण गृह भेजा गया। टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए वांछित चल रहे आरोपी शिवपुरा थाना दादाबाड़ी निवासी दीपू उर्फ दिगम्बर सिंह (19) एवं नरेन्द्र मीणा (28) को डिटेन कर प्रकरण में गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आया सामने-शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि कुछ दिन पूर्व उनके पड़ोस में रहने वाले सुरेश मीणा एवं नरेंद्र मीणा उनके पास आए थे और कैब ड्राइवर पर चाकू से हमला करने के लिए उन्हें 20,000 रुपये की सुपारी दी थी। योजना के अनुसार, दोनों आरोपियों ने अपने मोबाईल से परिवादी विजेंद्र की कैब बुक की। रात्रि के समय रावतभाटा जाते वक्त बोराबास के पास गाड़ी रुकवाई और कैब चालक पर चाकू से 8-10 वार कर दिए। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

- रास्ते में बोराबास के पास पहुंचते ही पीछे बैठे लड़के ने परिवादी के गले में रस्सी डालकर गला घोंटने का प्रयास किया



कैब चालक पर हमले के दो आरोपियों को आरकेपुरम पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# आर्थिक तंगी से परेशान दम्पति ने की आत्महत्या

**टोंक** (निसं)। मालपुरा कस्बा क्षेत्र में आर्थिक तंगी से परेशान होकर पति-पत्नी ने आत्महत्या कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जिसके बाद जब उनकी 13 साल की बेटी स्कूल से घर पहुंची तो कमरे का गेट बंद मिलने पर काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी जवाब नहीं मिला तो बेटी ने पड़ोस में रहने वाले अपने ताऊ को बुलाकर दरवाजा खोला तो दोनो फंदे से लटके मिले। सूचना पर मालपुरा वृताधिकारी आशीष प्रजापत और मालपुरा थाना प्रभारी चेनाराम जाट थाना टीम सहित मौके पर पहुंचे।

पुलिस की जानकारी के अनुसार मामला मालपुरा शहर के पाटौदी मोहल्ले के निवासी मृतक लक्ष्मीनारायण (उम्र 32 साल) पुत्र हीरालाल और उसकी पत्नी मधु (उम्र 30 साल) जो पिछले कुछ दिनों से आपस में झगड़ रहे थे।

पुलिस ने बताया कि लक्ष्मीनारायण बर्तन की दुकान पर काम करता था, परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटी और एक बेटा है। शनिवार को बच्चे स्कूल गए थे, लक्ष्मीनारायण दुकान पर नहीं गया और उसकी पत्नी घर पर ही थी। मोहल्लवासियो से मिली जानकारी के अनुसार परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, संभवत इसी कारण पिछले तीन दिनों से पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। उनके झगड़ने की आवाज भी सुनाई दे रही थी, परिवार के 5 सदस्य मकान के एक कमरे में रहते थे। पुलिस ने दोनों के शव को मालपुरा हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है।

- परिवार के 5 सदस्य मकान के एक कमरे में रहते थे

# निर्दलीय विधायक को सीआईडी सीबी ने पकड़ा

बीकानेर । निर्दलीय विधायक गणेश राज बंसल को सीआईडी सीबी ने रात बीकानेर से गिरफ्तार कर लिया। गणेश राज के खिलाफ 23 साल पहले फर्जी पट्टे वितरित करने का मामला दर्ज है। उन्हें पलू थाने में रखा गया है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। नगर परिषद सभापति चुनाव के बीच विधायक की गिरफ्तारी से सियासी हलके में हलचल मच गई है।

गणेश राज की गिरफ्तारी को लेकर विभाग के अफसरों ने स्पष्ट तौर पर कोई जानकारी नहीं दी है। जानकारी के अनुसार, हनुमानगढ़ से निर्दलीय विधायक गणेशराज बंसल को सीआईडी-सीबी और पुलिस की स्पेशल क्राइम ब्रांच टीम ने बीकानेर से हनुमानगढ़ जाते समय शनिवार देर रात हिरासत में ले लिया था। पूछताछ के बाद उन्हें रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उन्हें बीकानेर से सीधे पल्लू थाने ले गई। पुलिस के अनुसार, कार्रवाई साल 2003 से जुड़े 23 साल पुराने फर्जी पट्टे जारी करने के आपराधिक मामलों के सिलसिले में की गई है।

बीकानेर रेंज के आईजी ओम प्रकाश और सीआईडी सीबी के एएसपी सतपाल ने मामले में कुछ कहने से इनकार कर दिया। आईजी ने फोन पर बताया कि ये कार्रवाई सीआईडी सीबी ने की है, उनसे बात करें। इस पर जब सीआईडी सीबी के एएसपी सतनाम से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही इस बारे में बता दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं सब को बार-बार नहीं बता सकता। एएसपी ने गिरफ्तारी की पुष्टि का भी आधिकारिक तौर पर कोई जवाब नहीं दिया। बता दें कि ये कार्रवाई उस समय हुई हैं, जब हनुमानगढ़ नगर परिषद सभापति पद का चुनाव होना है और विधायक खेमे को स्पष्ट बहुमत है। कुल 60 वार्डों के नतीजों में भाजपा को 15 और कांग्रेस को 10 सीटें मिली हैं। वहीं, विधायक गणेशराज बंसल के गुट वाले निर्दलीय 34 पार्षद और माकपा का 1 प्रत्याशी चुनाव जीतकर आया हैं।

- सभापति चुनाव से पहले बीकानेर से पकड़ा, 23 साल पुराने मामले में कार्रवाई
- गणेश राज की गिरफ्तारी को लेकर विभाग के अफसरों ने स्पष्ट तौर पर कोई जानकारी नहीं दी है
- बीकानेर रेंज के आईजी ओम प्रकाश और सीआईडी सीबी के एएसपी सतपाल ने मामले में कुछ कहने से इनकार कर दिया।

# वीर गार्जियन में दिखीं भारत-जापान की हवाई रक्षा अभ्यास की साझेदारी

**जोधपुर,** (कासं) । जोधपुर का एयरफोर्स स्टेशन आज भारत और जापान के बीच मजबूत होते रक्षा संबंधों और सैन्य कूटनीति के एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बना। भारत और जापान की वायुसेनाओं के बीच आयोजित द्विपक्षीय हवाई रक्षा अभ्यास वीर गार्जियन 2026 के दौरान भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और जापान एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल टेकहीरो मोरिटा ने भारत के पूरी तरह स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस में एक साथ आसमान में उड़ान भरी। विदेशी वायुसेना प्रमुख द्वारा भारत में निर्मित फाइटर जेट में इस तरह सॉर्टी लगाना भारत के रक्षा विनिर्माण और मेक इन इंडिया अभियान की एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय सफलता के रूप में देखा जा रहा है। जोधपुर के सामरिक रूप से महत्वपूर्ण एयरबेस पर 9 सितंबर से शुरू हुआ यह संयुक्त हवाई युद्धाभ्यास 22 सितंबर तक जारी रहेगा। रविवार को अभ्यास की प्रगति और तैयारियों की समीक्षा करने के लिए जोधपुर पहुंचे दोनों मित्र देशों के वायुसेना प्रमुखों ने उड़ान भरने से पहले एयरबेस पर तैनात भारतीय और जापानी सैन्य दस्तों से मुलाकात की, उनका हौसला बढ़ाया और एक यादगार ग्रुप फोटो भी खिंचवाया। इसके बाद भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और जापानी जनरल टेकहीरो मोरिटा ने स्वदेशी तेजस ट्रेनर विमान में बैठकर जोधपुर के आसमान में गर्जना की। वीर गार्जियन 2026 अभ्यास का मुख्य उद्देश्य दोनों मित्र राष्ट्रों की वायुसेनाओं के बीच अंतर-संचालन को मजबूत करना और जटिल हवाई युद्ध परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ बेहतर तालमेल बिठाना है।

# पाटन बाईपास पर हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

**पाटन ।** पाटन बाईपास पर रविवार को जीडी हॉस्पिटल के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दंपती घायल हो गए। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार भूपसेड़ा निवासी मातादीन यादव अपनी पत्नी लाली देवी के साथ बाइक से सुंदरदास से अपने गांव भूपसेड़ा जा रहे थे। इसी दौरान जीडी हॉस्पिटल के पास सामने चल रहे ट्रक को बचाने के प्रयास में उनकी मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में लाली देवी के सिर में गंभीर चोट लगी।सूचना मिलने पर एंबुलेंस की सहायता से दोनों को राजकीय अस्पताल पाटन पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने लाली देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल मातादीन यादव का उपचार किया गया। पुलिस ने मृतका के शव को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- लाली देवी के सिर में गहरी चोट लगने से मृत्यु हुई

# सरनेम धारण करने से जिम्मेदारी व परिपक्वता नहीं आती : शेखावत

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत रविवार को जोधपुर पहुंचे।

यहां पर पत्रकारों से बातचीत हुए राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला और कहा कि किसी का सरनेम धारण कर लेने भर से उस सरनेम से जुड़ी विरासत, परिपक्वता और जिम्मेदार आचरण हासिल नहीं किया जा सकता।

रविवार को मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने ही देश के प्रधानमंत्री को लेकर जिस तरह की गैर-जिम्मेदाराना हरकतें सार्वजनिक मंच पर कीं, वह अशोभनीय भी हैं और निंदनीय भी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के पुराने व्यवहार को देखते हुए उनका यह आचरण कोई नई बात नहीं है। शेखावत ने कहा कि आप सरनेम किसी से चुरा सकते हो, लेकिन उस सरनेम के साथ जुड़ी लीगेसी, परिपक्वता और जिम्मेदारीपूर्ण आचरण का व्यवहार केवल सरनेम धारण करने से हासिल नहीं कर सकते।

कांग्रेस द्वारा नगर निगम चुनाव में हाइब्रिड तकनीक के माध्यम से राजेंद्र सोलंकी को उम्मीदवार बनाए जाने के सवाल पर शेखावत ने कहा कि यह नियम-कायदे के दायरे में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए शायद इसी उद्देश्य से नियमों में संशोधन किया होगा।

उन्होंने कहा कि शहर के मतदाता पहले ही अपना मानस व्यक्त कर चुके हैं। नगर निगम बोर्ड के लिए चुने गए सदस्यों ने भी अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। ऐसे में, चुनाव को लेकर जनता और निर्वाचित प्रतिनिधियों की भावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

शेखावत ने हाल में झूठ और अफवाहें फैलाने की कोशिशों को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले भी इस तरह की कोशिश की गई थी।

रात में थाना रातानाडा जाकर एक हाईवोल्टेज पॉलिटिकल ड्रामा खड़ा करने का प्रयास किया गया, लेकिन सुबह होते-होते वह पटाखा फुस्स हो गया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक माहौल को अनावश्यक रूप से गरमाने और झूठ-अफवाहों के जरिए भ्रम पैदा करने की कोशिशें जनता के सामने ज्यादा देर तक टिक नहीं सकतीं।

- केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने राहुल गांधी पर साधा निशाना
- देश के प्रधानमंत्री को लेकर जिस तरह की गैर-जिम्मेदाराना हरकतें सार्वजनिक मंच पर कीं, वह अशोभनीय भी हैं

# तस्कर अवैध मदिरा की कार छोड़ भागे

**उदयपुर।** अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए चल रहे विषेश निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही जारी है। प्रदेश में वॉश, हथकड मदिरा सहित अन्य राज्य की मदिरा पर भी कार्रवाई के तहत डूंगरपुर एवं जयपुर में कार से अवैध अंग्रेजी मदिरा पर प्रभावी कार्रवाई की गई।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में विषेश निरोधात्मक अभियान के तहत 19 सितंबर 2026 तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 601 अभियोग दर्ज किए गए है। प्रदेश में देशी मदिरा 3 लाख 94 हजार 307 रूपए लागत की 1453 लीटर, भारत निर्मित विदेशी मदिरा 73 लाख 57 हजार 400 रूपए की 7332 लीटर, बीयर 89 हजार 898 रूपए की 413 लीटर, हथकड़ शराब 4617 लीटर एवं स्प्रिट 350 लीटर जब्त किया है। इसी क्रम में वॉश एक लाख 79 हजार 356 लीटर नष्ट किया । अभियान के तहत एक बड़ा वाहन, 5 चार पहिया वाहन, 21 दुपहिया वाहन सहित 27 वाहन जब्त किए साथ ही अवैध मदिरा से संबंधित 218 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। आबकारी निरोधक दलों की कार्रवाई के तहत शनिवार रात्रि जयपुर एवं डूंगरपुर में बड़ी कार्रवाई के तहत 2 कार सीज करते हुए अवैध अंग्रेजी मदिरा की बडी खेप बरामद कर अभियोग दर्ज किए गए। डूंगरपुर और सागवाड़ा की संयुक्त कार्रवाई के तहत आबकारी टीम द्वारा हाईवे पर एक संदिग्ध क्रेटा कार का पीछा करने पर तस्कर कार को एकांत में छोड कर फरार हो गए। क्रेटा कार की जांच करने पर अवैध तरीके से परिवहन की जा रही पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी मदिरा की 47 कार्टन बरामद हुए। बरामद मदिरा में रॉयल चेलेन्ज, ऑल सीजन व्हीस्की के पव्वे एवं बोतलों को सील्ड बरामद कर विषेश अभियोग दर्ज किया गया। जयपुरमें सघन नाकाबंदी के तहत आमेर रोड़ पर एक रेनॉल्ट काइगर कार की डिक्की में 2 कार्टन में ओकस्मिथ गोल्ड अंग्रेजी मदिरा की 24 बोतल एवं एक कार्टन में 100 पाइपर की 12 बोतल फोर सेल इन हरियाणा बरामद कर अभियोग दर्ज किया । इसी प्रकार हनुमानगढ़ में 500 लीटर वॉश सहित 2 भट्टियां नष्ट करते हुए 15 लीटर हथकड़ मदिरा जब्त की गई।

**लग्जरी कार में भरी मिली 5 लाख की शराब : 48 पर बरौठी के पास नाकेबंदी में पकड़ी, ड्राइवर हो गया फरार :** डूंगरपुर जिले में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। आबकारी निरीक्षक राहुल शर्मा के नेतृत्व में टीम ने एनएच48 पर बरौठी के पास अवैध शराब से भरी एक कार जब्त की। इस कार से करीब 5 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद हुई है। हालांकि कार का ड्राइवर मौके से फरार हो गया।



मदिरा पर भी कार्रवाई के तहत डूंगरपुर एवं जयपुर में आबकारी टीम ने तस्कर को गिरफ्तार किया।

- पुलिस टीम ने अंग्रेजी मदिरा पर प्रभावी कार्रवाई की